दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2024-2025
पुनरावृत्ति पत्रिका
अर्धवार्षिक परीक्षा

कक्षा - पाँचवीं **विषय- हिंदी**

उपविषय-पाठ-3 ओणम ,पाठ-4 वीरमालवजी, पाठ-5 दीये का अभिमान (कविता) ,पाठ-6 प्रभु का पेट दर्द
व्याकरण - वर्ण-विचार, शब्द, वाक्य, संज्ञा भेदों सहित, सर्वनाम भेदों सहित, लिंग
अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन

खंड-क

प्र०1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

अनुशासन दो शब्दों से मिलकर बना है अनु +शासन जिसका अर्थ है नियमों के अधीन रहना। अनुशासन का पालन करके ही अच्छा विद्यार्थी बना जा सकता है। जीवन में अपनी दिनचर्या,रहन-सहन,सोच विचार और अपने समस्त व्यवहार को व्यवस्थित करना ही अनुशासन है।अनुशासन जीवन के लिए परमावश्यक है। अनुशासन के नियमों का पालन करने से हमारा जीवन सुखद बनता है। अनुशासन हमें आगे बढ़ने का सही तरीका, जीवन में नई चीज़ें सीखने, कम समय में अधिक अनुभव करने जैसे अवसर प्रदान करता है ।अनुशासन सफलता की कुंजी है। अनुशासन की राह पर चलना थोड़ा मुश्किल है परंतु इस राह पर चलने के बाद मिलने वाला फल स्वादिष्ट और मीठा होता है। अनुशासन लक्ष्य और सफलता के बीच एक पुल की तरह काम करता है ।शिक्षा में यदि आप अनुशासन का पालन करते हैं तो आप शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास की प्राप्ति करते हैं। यदि पढ़ाई में आप अनुशासन का पालन करते हैं तो आप अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होते हैं। यदि आप कक्षा में अनुशासन का पालन करते हैं तो आप शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को अच्छी तरह से समझ सकते हैं।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) जीवन में अनुशासन क्या है ?

ii) अनुशासन हमें कैसे अवसर प्रदान करता है ?

ख) निम्नलिखित शब्दों के उचित अर्थ चुनकर लिखिए-

i) व्यवस्थित - विधिवत, अनुचित, गलत

ii) स्वादिष्ट - दुखद, आनंदमय, कठिन

ग) सही कथन के लिए सही (✓) और गलत कथन के लिए गलत (×) का निशान लगाइए-

i) अनुशासन का पालन करके अच्छा विद्यार्थी बना जा सकता है । ( )

ii) अनुशासन की राह पर चलना आसान है । ( )

घ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -

i) अनुशासन हमारे जीवन को कैसा बनता है?

अ) सुखद ब) दुखद स) जटिल

ii) अनुशासन किसके बीच पुल का काम करता है?

अ) लक्ष्य और सफलता ब) लक्ष्य और असफलता स) लक्ष्य और अहंकार

प्र०2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

गीत प्यार के गाएँगे हम।
सबको गले लगाएँगे हम ॥
संघर्षों से क्या घबराना,
आगे बढ़ते जाएँगे।
माना पथ कठिन है लेकिन,
धीरज नहीं डुलाएँगे।
वक्ष चीर के चट्टानों का,
रास्ता नया बनाएँगे।
जन-जन में सद्भाव प्रेम के,
सुंदर भाव जगाएँगे।
एक धर्म है, एक जाति है,
बात सदा दुहराएँगे।

क) सही विकल्प चुनकर लिखिए-

i) कवि ने कैसे गीत गाने की इच्छा जताई है?
अ) प्यार ब) नफ़रत स) भक्ति

ii) हमें किससे नहीं घबराना चाहिए?
अ) हार से ब) बड़ों से स) संघर्षों से

iii) जन-जन में क्या जगाने की बात की गई है ?
अ) नफ़रत ब) विश्वास स) सद्भाव

iv) किसको चीर के नया रास्ता बनाने की बात की गई है?
अ) जाति ब) धर्मों स) चट्टानों

v) कविता में कवि ने पथ को कैसा बताया है?
अ) सरल ब)सच्चा स)कठिन

ख) निम्नलिखित शब्दों के समानतुक वाले शब्द लिखिए-

i) भाव - ii)जगाएँगे -

खंड-ख

प्र०3 '<u>मेरा विद्यालय</u>' विषय से संबंधित एक अनुच्छेद सहायक सूची के माध्यम से लिखिए-

(शब्द सीमा - 80-90)

<u>सहायक सूची</u> - नाम, इमारत, कमरे, लड़के - लड़कियाँ, खेल का मैदान, पुस्तकालय, अध्यापक -अध्यापिकाएँ, कंप्यूटर, योगा का ज्ञान, सुंदर पार्क, रंग - बिरंगे फूल, बड़े-बड़े पेड़, पसंद

प्र०4 अपने मित्र को छुट्टियों में घर बुलाने के लिए पत्र लिखिए-

<u>खंड-ग</u>

प्र०5 उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

क) ____संयुक्त व्यंजन है । (त / त्र)
ख) बंदर शब्द में __________ का प्रयोग हुआ है। (अनुस्वार/अनुनासिक)

प्र०6 निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो-दो शब्द बनाइए-

क) प्य- ख) स्त -

प्र०7 निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए-

क) प्रथम - ख) दंत-

प्र०8 निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-

क) साँप- ख) कान-

प्र०9 निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य छाँटकर लिखिए -

क) रमेश टी० वी० देख रहा है।
ख) शेर ने ज़ोर से दहाड़ा।

प्र०10 निम्नलिखित वाक्यों में विधेय छाँटकर लिखिए -

क) लड़के फ़ुटबॉल खेल रहे थे ।
ख) शिकारी ने कबूतर को पकड़ लिया।

प्र०11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के उचित भेद चुनकर लिखिए-

क) **<u>महेंद्र सिंह धोनी</u>** मेरा प्रिय खिलाड़ी है। (जातिवाचक / व्यक्तिवाचक)
ख) बच्चों की **<u>टोली</u>** खेल रही है । (समूहवाचक / भाववाचक)

प्र०12 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए -

क) लड़का __________पी रहा है। (पानी/तेल)
ख) __________एक विशाल देश है। (भारत /जम्मू)

प्र०13 कोष्ठक में दिए गए शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थान भरिए -

क) गन्ने में ________है। (मीठा)

प्र०14 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के उचित भेद चुनकर लिखिए-

क) राहुल को **<u>कोई</u>** बुला रहा है। **(प्रश्नवाचक / अनिश्चयवाचक)**

ख) तान्या **<u>स्वयं</u>** स्कूल जाती है। **(पुरुषवाचक / निजवाचक)**

ग) **<u>जो</u>** लड़की खड़ी है **<u>वो</u>** मेरी बहन है।**(संबंधवाचक / प्रश्नवाचक)**

प्र०15 निर्देशानुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

क) ________ मेरा कैमरा है। **(निश्चयवाचक)**
ख) ________ घर जाऊँगा। **(पुरुषवाचक, उत्तम पुरुष)**

प्र०16 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर पंक्तियाँ पुनः लिखें।

आज मंदिर बहुत सजे हैं। <u>पुजारी</u> मंदिर में पूजा कर रहा है। <u>युवक</u> भगवान को फूलों की माला अर्पण कर रहा है। बच्चा अपनी <u>माताजी</u> के साथ मंदिर आया है। <u>लड़की</u> के हाथ में फूलों की टोकरी है।

प्र०17 निम्नलिखित शब्द का उचित लिंग चुनिए।

क) बूढ़ा - बूढ़ी, बुढ़िया

<u>खंड-घ</u>

प्र०18 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

ओणम का दूसरा दिन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है। इसे 'तिरुओणम' कहते हैं। 'तिरुओणम' पारिवारिक जनों के मिलन, पारस्परिक प्रेम और सहयोग का पर्व है इस दिन बाहर गए हुए लोग परिवार में लौट आते हैं और उल्लासपूर्वक मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं। सभी लोग नए और स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं। मध्याहन काल में सब एक साथ बैठकर केले के पत्ते पर भोजन करते हैं। यहाँ केले के पत्ते पर भोजन करना अत्यंत पवित्र माना जाता है।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) तिरुओणम किसे कहते हैं ?

ii) तिरुओणम पर किस प्रकार भोजन किया जाता है ?

ख) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए-

i) केले के पत्ते पर भोजन करना पवित्र माना जाता है। (   )

प्र०19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) महाबलि के स्वागत के लिए क्या - क्या तैयारियाँ की जाती हैं ?

ख) शिवाजी ने किसका आभार माना और क्यों ?

ग) प्रभु को पेट दर्द क्यों हुआ था?

प्र०20 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-

क) चेष्टा ख) पौष्टिक ग) उल्लास

प्र०21 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

क) नौका-दौड़ देखने के लिए दूर - दूर से ________आते हैं। ।

ख) मैं कभी मातृभूमि की _______ से पीछे नहीं हटूँगा।

ग) मैडम आज मुझे कक्षा की _______बनाने वाली हैं।

प्र०22 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क)प्राचीन काल में राजा महाबलि का शासन कहाँ पर था?

अ)केरल में ब)तमिलनाडु में स)नेपाल में

ख) शिवाजी की जान किसने बचाई ?

अ)अंगरक्षक ने ब)दरबान ने स)तानाजी

ग) हर बार बीमार कौन होता था ?

अ)प्रभा ब)पदमा स)प्रभु

प्र०23 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे ?

क) इतनी छोटी अवस्था में इतना साहस।

ख) "यह क्यों बताएगा, मैं बताती हूँ।"

प्र०24 दिए गए वाक्यों में शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए।

क) जल से उत्पन्न होने वाला

ख) जिसे पुराणों से लिया गया हो

प्र०25 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

क) इस घमंड में सिर ऊँचा कर, ______________।

______________________, वह देख रहा था सृष्टि ।

ख)मिटा गया हल्का - सा झोंका ____________।

______________________ पर कलंक की रेख।